myneta.info National Election Watch

ADR Association for Democratic Reforms

**दिनांक -18 मार्च, 2021**

# राजनीतिक दलों की संपत्ति और देनदारियों का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष 2018-19

## एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट


टी- 95, दूसरा मंजिल, सी. एल. हाउस, गौतम नगर,
नई दिल्ली- 110 049
ईमेल- adr@adrindia.org;
दूरभाष - 011-4165 4200

# Upgraded MyNeta App



# एडीआर को दान करें

आगामी राज्य विधान सभा चुनावों के लिए हमारे अभियान "**मेरा वोट**, **मेरा देश**" का समर्थन करने के लिए हमें आपकी सहायता चाहिए |अभियान का उद्देश्य **राजनीतिक प्रक्रिया में भ्रष्टाचार** और **अपराधीकरण** को खत्म करना है, **उम्मीदवारों** और **दलों** पर सूचना के अधिक प्रसार के माध्यम से मतदाताओं को सशक्त बनाना है |

आप नीचे दिए गए क्यूआर कोड का उपयोग करके हमें दान दे सकते हैं या हमारी वेबसाइट के दान लिंक तक पहुंच सकते हैं |

## एडीआर स्पीक्स पॉडकास्ट

"**एडीआर स्पीक्स**" चुनावी और राजनीतिक सुधारों से जुड़े मुद्दों पर एक पॉडकास्ट श्रृंखला है | एडीआर के रिपोर्ट के विश्लेषण से उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के विवरण, राजनीतिक दलों की आय के स्त्रोत, चुनावी खर्च और चुनावी बांड्स आदि के निष्कर्षों पर उपाख्यानों द्वारा ध्यान केंद्रित करते हैं | उपाख्यानों की श्रृंखला में एडीआर ने आम जनता तक पहुंचने के लिए अपने रिपोर्टों के महत्वपूर्ण निष्कषों को सरलता से समझाया है, इससे वे एक स्वतंत्र और सूचित विकल्प बनाने में सक्षम होंगे | एडीआर अपनी पॉडकास्ट के द्वारा भारत की लोकतान्त्रिक राजनीति से संबधित मुद्दों पर विशेषज्ञों, अनुसन्धान विद्वानों, सार्वजनिक बुद्धिजीवियों और पूर्व चुनाव अधिकारियों आदि के साथ भी चर्चाएं करेगा |

एडीआर वेबसाइट पर एपिसोड तक पहुंचने के लिए कृपया आइकन पर क्लिक करें |

***Listen to Our Podcast on***

Anchor®

Other platforms

# प्रस्तावना

इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ़ इंडिया (**आईसीऐआई**) द्वारा वाणिज्यिक, औद्योगिक और व्यावसायिक उद्यमों का लेखा पद्धति के लिए एक निर्धारित लेखांकन मानक बनाया है | राजनीतिक दल वाणिज्यिक, गैर- औद्योगिक और गैर- व्यापारिक इकाई के अंतर्गत आती हैं | इस प्रकार से, अन्य संस्थाओं के मानकों का लेखा स्वरूप राजनीतिक दलों पर लागू नहीं होता है |

राजनीतिक दलों का लेखा पद्धति और आयकर विवरण में एकरूपता लाने के लिए भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने आईसीएआई से यह अनुरोध किया की वे एक प्रारूप तैयार करें **|** इस प्रकार, ईसीआई के अनुरोध पर आईसीएआई द्वारा फरवरी 2012 में " ***Guidance note on Accounting & Auditing of political parties*** " या " ***Accounting guidelines*** " तैयार किये गए थे | इस आदेश का उदेश्य राजनीतिक दलों के लेखांकन और लेखा पद्धति के मानकों में सुधार और उनके वित्तीय पारदर्शिता लाना था | इन दिशा-निर्देशों का सिद्धांत राजनीतिक दलों के आय, व्यय, संपत्ति और देनदारियों की मान्यता, माप और वित्तीय विवरण का प्रकटीकरण है |

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा विश्लेषित (दिनांक **16 अक्टूबर, 2017**) रिपोर्ट में सभी सातों राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित संपत्ति और देनदारियों का विश्लेषण किया था यह रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2004-05 से 2015-16 तक की थी | इसके बाद एडीआर ने दिनांक **09 मार्च, 2018** को **22 क्षेत्रीय दलों** द्वारा घोषित संपत्ति और देनदारियों का विश्लेषण किया था यह रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक की थी | हाल ही में, एडीआर ने राष्ट्रीय दलों के आयकर विवरण के विश्लेषण पर (दिनांक 31 जुलाई, 2019 ) एक **रिपोर्ट** जारी की थी, जिसमें 7 राष्ट्रीय दलों के दो वर्षों (वित्तीय वर्ष 2016-17 और 2017-18 के बीच) की संपत्ति और देनदारियों का विश्लेषण था | इन राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान **रु 3260.81 करोड़** की संपत्ति घोषित की थी जो वित्तीय वर्ष 2017-18 में **6%** बढ़कर **रु 3456.65 करोड़** हो गयी | क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित संपत्ति और देनदारियों के मामले में, एडीआर के विश्लेषण से पता चला की वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान **39** क्षेत्रीय दलों ने **रु 1267.81 करोड़** की सम्पत्ति घोषित की थी जबकि वित्तीय वर्ष 2017-18 में **41** क्षेत्रीय दलों ने **रु 1320.06 करोड़** की सम्पत्ति दर्शाया था |

यह रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए, **7** राष्ट्रीय और **41** क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित संपत्ति और देनदारियों का विश्लेषण है |

# सारांश

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

- ***'बैलेंस शीट' क्या है ?***

बैलेंस शीट में तीन मुख्य वित्तीय जानकारी होती है | **क**) दलों के संपत्ति में नकद, बैंक निवेश, गाडी, चल और अचल संपत्ति आदि ऐसे संसाधन होते हैं | **ख**) राजनीतिक दलों के कुल सम्पति से कुल देनदारियों को घटा कर जो शेष है वो कैपिटल या रिज़र्व फण्ड है तथा दल इस पूंजी को अन्य सम्पति या देनदारियों में उपयोग करते हैं | **ग**) राजनीतिक दलों के देनदारियों में बैंकों से ऋण, ओवरड्राफ्ट सुविधाएँ, असुरक्षित ऋण आदि शामिल हैं |

- ***राजनीतिक दलों के संपत्ति और देनदारियों/ आय और व्यय में विशेषता क्या है?***

संस्थाओं की कार्यविधि और गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए लेखांकन मानक बनाया गया है |राजनीतिक दलों की कोई व्यसायिक गतिविधि नहीं होती है, इसका उदेश्य केवल लेखा पद्धति को एकरूपता से बनाये रखना है | राजनीतिक दलों के कार्यविधि के अनुसार, लेखा पद्धति के शब्दावली में थोड़ा संशोधन जैसे लाभ और हानि की जगह आय और व्यय है |

- ***चुनाव आयोग की पारदर्शिता के दिशा निर्देश क्या हैं ?***

मुक्त और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए अगर क़ानूनी तौर पर गतिविधियों में कमी हो तो सविधान का **अनुच्छेद 324** चुनाव आयोग को पूर्ण सशक्त बनाता है | यह सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले (एआईआर 1978 एससी 851) के द्वारा स्थापित है | चुनाव आयोग ने 2014 में सभी मान्यता प्राप्त दलों के साथ परामर्श करके 'पारदर्शिता दिशानिर्देश' प्रचलित की जो इन दलों पर क़ानूनी तौर पर बाध्यकारी है | इन दिशानिर्देश में चुनाव आयोग ने दलों को आईसीएआई के निर्देशों (जो फ़रवरी, 2012 में संचारित किये गए थे) का पालन करने की सलाह दी है |


पारदर्शिता दिशानिर्देश 2014 में सभी मान्यता प्राप्त दलों के साथ क़ानूनी परामर्श करके प्रचालित किये गए और यह बाध्यकारी हैं | इन दिशानिर्देशों में राजनीतिक दलों को वित्तीय पारदर्शिता में सुधार के लिए कठोरता से पालन करने की सलाह दी है | यह दिशा निर्देश आईसीएआई द्वारा फरवरी, 2012 से परिचालित है |

- ***इस रिपोर्ट में क्या जानकारी है?***

इस रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान **7** राष्ट्रीय दलों (बीजेपी, कांग्रेस, बीएसपी, एनएसपी, सीपीआई, सीपीएम और तृणमूल कांग्रेस) और **41** क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित संपत्ति, देनदारियों और कैपिटल (पूँजी) का विश्लेषण किया गया है | संपत्ति में अचल सम्पत्तियों, ऋण और अग्रिम, जमा और निवेश आदि शामिल हैं | जबकि देनदारियों में बैंक उधार, विविध लेनदार, ओवरड्राफ्ट, अन्य देनदारियों आदि शामिल हैं | पूँजी या आरक्षित निधि वह राशि है जो दलों द्वारा हर साल कुल खर्च से देनदारियों को घटाने के बाद पार्टी खर्च के लिए अलग रखी जाती है |

## राजनीतिक दलों द्वारा घोषित संपत्ति : वित्तीय वर्ष 2018-19


- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, **7** राष्ट्रीय और **41** क्षेत्रीय दलों ने क्रमशः **रु 5349.25 करोड़** और **रु 2023.71 करोड़** की कुल संपत्ति घोषित की है |




- सात राष्ट्रीय दलों में, वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए सबसे अधिक संपत्ति **बीजेपी** ने **रु 2904.18 करोड़** (54.29%) घोषित की है उसके बाद **कांग्रेस** ने **रु 928.84 करोड़** (**17.36%**) और **बीएसपी** ने **रु 738 करोड़** (13.80%) की संपत्ति अपने विवरण में घोषित की है |


| Political Party | Assets declared by National Parties - FY 2018-19 (Rs in crores) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Others Assets | FDR/Fixed Deposits | Fixed Assets | Loans and Advance | TDS & TCS | Investments | Total Assets |
| BJP | 1331.224 | 573.766 | 628.707 | 356.873 | 13.61 | 0 | **Rs 2904.18 cr** |
| INC | 415.458 | 218.65 | 217.565 | 72.50 | 1.426 | 3.24 | **Rs 928.84 cr** |
| BSP | 27.392 | 608.27 | 48.85 | 51.254 | 2.234 | 0 | **Rs 738.00 cr** |
| CPM | 336.96 | * | 107.76 | 65.99 | 0 | 0 | **Rs 510.71 cr** |
| AITC | 207.016 | 0 | 1.774 | 0 | 0.18 | 1.22 | **Rs 210.19 cr** |
| NCP | 20.15 | 1.84 | 3.448 | 6.382 | 0.19 | 0 | **Rs 32.01 cr** |
| **CPI** | 1.71 | 13.52 | 3.13 | 6.96 | 0 | # | **Rs 25.32 cr** |
| **Total** | **Rs 2339.91 cr** | **Rs 1416.046 cr** | **Rs 1011.234 cr** | **Rs 559.96 cr** | **Rs 17.64 cr** | **Rs 4.46 cr** | **Rs 5349.25 cr** |

*अन्य परिसंपत्तियों में पार्टी द्वारा घोषित राशि #एफडीआर/फिक्स्ड डिपॉज़िट के साथ पार्टी द्वारा घोषित की गयी राशि



- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, 41 क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के कुल सम्पत्ति में से **रु 1921 करोड़** (94.92%) की सम्पत्ति शीर्ष के **दस दलों** ने घोषित की है | (संदर्भ एक को देखें)
- क्षेत्रीय दलों में से समाजवादी पार्टी ने सबसे अधिक **रु 572.21 करोड़** (28.28%) की सम्पत्ति घोषित की है, इसके बाद **बीजेडी** ने **रु 232.27 करोड़** और **एआईडीएमके** ने **रु 206.75 करोड़** की सम्पत्ति दर्शायी है |
- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, क्षेत्रीय दलों की घोषित कुल सम्पत्ति का सबसे बड़ा हिस्सा फिक्स्ड डिपाजिट/एफडीआर से था जिससे दलों ने **रु 1319.054 करोड़** (65.18%) की धनराशि घोषित की है |

| Political Party | Assets declared by top 10 Regional Parties - FY 2018-19 (Rs in crores) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Others Assets | FDR/Fixed Deposits | Fixed Assets | Loans and Advance | TDS & TCS | Investments | Total Assets |
| SP | 27.827 | 454.447 | 71.163 | 11.266 | 7.507 | 0 | Rs 572.21 cr |
| BJD | 73.464 | 140.15 | 0.528 | 18.03 | 0.099 | 0 | Rs 232.27 cr |
| AIADMK | 5.978 | 185.90 | 11.585 | 3.177 | 0.11 | 0 | Rs 206.75 cr |
| TDP | 31.697 | 115.86 | 27.193 | 18.52 | 0 | 0 | Rs 193.27 cr |
| DMK | 2.702 | 169.185 | 17.506 | 0.987 | 0 | 0 | Rs 190.38 cr |
| TRS | 28.20 | 152.64 | 5.186 | 2.367 | 0.337 | 0 | Rs 188.73 cr |
| Shivsena | 116.668 | 44.461 | 2.685 | 7.908 | 1.358 | 0 | Rs 173.08 cr |
| YSR-C | 79.266 | 0 | 0.132 | 14.094 | 0 | 0 | Rs 93.492 cr |
| JDS | 0.137 | 16.84 | 7.022 | 14.01 | 0.001 | 0 | Rs 38.01 cr |
| JDU | 0.79 | 28.639 | 2.236 | 1.07 | 0.075 | 0 | Rs 32.81 cr |
| 31 Other Parties | 38.809 | 10.932 | 38.088 | 7.631 | 0.521 | 6.726 | Rs 102.707 cr |
| Total | Rs 405.538 cr | Rs 1319.054 cr | Rs 183.324 cr | Rs 99.06 cr | Rs 10.008 cr | Rs 6.726 cr | Rs 2023.71 cr |




## राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित विभिन्न सम्पत्तियों का विवरण - वित्तीय वर्ष 2018-19

- राजनीतिक दलों द्वारा घोषित सम्पत्ति 6 प्रमुखों के अंतर्गत है : अचल सम्पत्ति, ऋण और अग्रिम, एफडीआर/जमा, टीडीएस, निवेश और अन्य सम्पत्ति |
- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, सभी राजनीतिक दलों ने **अन्य सम्पत्तियों** के अंतर्गत अधिकतम सम्पत्ति घोषित की है जो कुल सम्पत्ति का **37.237%** यानिकी **रु 2745.448 करोड़** थी | इसके बाद **एफडीआर/फिक्स्ड डिपाजिट** के तहत **रु 2735.10 करोड़** और **फिक्स्ड एसेट्स** के तहत **रु 1194.558 करोड़** (16.20%) की सम्पत्ति घोषित की थी |

| National & Regional Parties: Total Assets declared- FY 2018-19 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Assets (Rs in crores)** | | | | | | |
| | **Others Assets** | **FDR/Fixed Deposits** | **Fixed Assets** | **Loans and Advance** | **TDS & TCS** | **Investments** | **Total Assets** |
| **National Parties** | 2339.91 | 1416.046 | 1011.234 | 559.96 | 17.64 | 4.46 | **Rs 5349.25 cr** |
| **Regional Parties** | 405.538 | 1319.054 | 183.324 | 99.06 | 10.008 | 6.726 | **Rs 2023.71 cr** |
| **Grand Total** | **Rs 2745.448 cr** | **Rs 2735.10 cr** | **Rs 1194.558 cr** | **Rs 659.02 cr** | **Rs 27.648 cr** | **Rs 11.186 cr** | **Rs 7372.96 cr** |


- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, राष्ट्रीय दलों में **बीजेपी** और **कांग्रेस** ने अन्य सम्पत्तियों के अंतर्गत क्रमशः **रु 1331.24 करोड़** और **रु 415.858 करोड़** की सबसे अधिक सम्पत्ति घोषित की है | जबकि **बीएसपी** ने एफडीआर/फिक्स्ड डिपाजिट के तहत सबसे अधिक **रु 608.27 करोड़** की सम्पत्ति दर्शायी है |
- क्षेत्रीय दलों में, समाजवादी पार्टी (रु 454.447 करोड़), बीजेडी (रु 140.15 करोड़), एआईएडीएमके (रु 185.90 करोड़), टीडीपी (रु 115.86 करोड़), डीएमके (रु 169.185 करोड़), टीआरएस (रु 152.64 करोड़) आदि दलों ने सबसे अधिक राशि **एफडीआर/फिक्स्ड डिपाजिट** के अंतर्गत घोषित की है और वाईएसआर- सी ने सबसे अधिक **अन्य सम्पत्तियों** के अंतर्गत **रु 79.266 करोड़** की राशि घोषित की है |



## राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित देनदारियां - वित्तीय वर्ष 2018-19


- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, 7 राष्ट्रीय और 41 क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने **रु 213.231 करोड़** की देनदारियां घोषित की हैं |
- राजनीतिक दलों द्वारा घोषित देनदारियां **दो प्रमुखों** के अंतर्गत आती है : **उधार** (बैंकों, ओवरड्राफ्ट सुविधाएँ और विविध लेनदारों) और **अन्य देनदारियों** | राजनीतिक दलों ने अन्य देयताओं के तहत **रु 123.40 करोड़** (57.87%) और उधार के माध्यम से **रु 89.831 करोड़** (42.13%) की देनदारी घोषित की है |

| National & Regional Parties: Total Liabilities declared, FY 2018-19 | | | |
|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Borrowings (Banks, Overdraft and sundry Creditors*)** | **Other Liabilities** | **Total Liabilities** |
| **National Parties** | 42.65 | 90.83 | **Rs 133.48 cr** |
| **Regional Parties** | 47.181 | 32.57 | **Rs 79.751 cr** |
| **Grand Total** | **Rs 89.831 cr** | **Rs 123.40 cr** | **Rs 213.231 cr** |





- राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2018-19 में कुल **रु 133.48 करोड़** की देनदारियां घोषित की थी जिसमें से दलों ने **उधार** के तहत **रु 42.65 करोड़** और **अन्य देनदारियों** से **रु 90.83 करोड़** का ऋण घोषित किया था |
- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान **कांग्रेस** ने सबसे अधिक **रु 78.415 करोड़** (58.75%) का कुल ऋण घोषित किया था इसके बाद बीजेपी ने **रु 37.463 करोड़** (28.06%) की देनदारी राशि अपने विवरण में घोषित की थी |

| Liabilities declared by National Parties - FY 2018-19 (Rs in crores) | | | |
|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Borrowings (Banks, Overdraft and sundry Creditors*)** | **Other Liabilities** | **Total Liabilities** |
| INC | 14.185 | 64.23 | **Rs 78.415 cr** |
| BJP | 27.583 | 9.88 | **Rs 37.463 cr** |
| AITC | 0 | 10.583 | **Rs 10.583 cr** |
| CPM | 0 | 3.38 | **Rs 3.38 cr** |
| BSP | 0 | 2.23 | **Rs 2.23 cr** |
| NCP | 0.76 | 0.20 | **Rs 0.96 cr** |
| CPI | 0.123 | 0.327 | **Rs 0.45 cr** |
| **Total** | **Rs 42.65 cr** | **Rs 90.83 cr** | **Rs 133.48 cr** |





- क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान कुल **रु 79.751 करोड़** की देनदारियां घोषित की थी | दलों ने **उधार** के अंतर्गत **रु 47.181 करोड़** का ऋण और **अन्य देनदारियों** के तहत **रु 32.57 करोड़** का ऋण घोषित किया थी |
- वित्तीय वर्ष 2018-19 में, **टीडीपी** ने **रु 18.10 करोड़** (22.696%) की कुल देनदारियां और इसके बाद **जेडीएस** ने **रु 18.01 करोड़** (22.583%) का ऋण घोषित किया था |

| Liabilities declared by Regional Parties - FY 2018-19 (Rs in crores) | | | |
|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Borrowings (Banks, Overdraft and sundry Creditors*)** | **Other Liabilities** | **Total Liabilities** |
| TDP | 17.94 | 0.16 | **Rs 18.10 cr** |
| JDS | 18.00 | 0.01 | **Rs 18.01 cr** |
| BJD | 0 | 8.42 | **Rs 8.42 cr** |
| DMK | 0 | 8.05 | **Rs 8.05 cr** |
| YSR-C | 3.523 | 1.561 | **Rs 5.084 cr** |
| SAD | 4.103 | 0.068 | **Rs 4.17 cr** |
| RJD | 0.06 | 3.55 | **Rs 3.61 cr** |
| IUML | 0 | 2.905 | **Rs 2.905 cr** |
| AAP | 1.424 | 0.38 | **Rs 1.804 cr** |
| DMDK | 0 | 1.338 | **Rs 1.338 cr** |
| **31 Other Parties** | 2.131 | 6.128 | **Rs 8.259 cr** |
| **Total** | **Rs 47.181 cr** | **Rs 32.57 cr** | **Rs 79.751 cr** |





## राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित पूँजी/रिज़र्व फंड्स - वित्तीय वर्ष- 2018-19

- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों का कुल निर्धारित पूँजी (कैपिटल या रिज़र्व फंड्स) क्रमशः **रु 5215.77 करोड़** और **रु 1943.976 करोड़** था |




- इस वित्तीय वर्ष में राष्ट्रीय दलों में से **बीजेपी** ने सबसे अधिक **रु 2866.717 करोड़** और इसके बाद **बीएसपी** ने **रु 735.77 करोड़** की पूँजी घोषित की है |
- पूँजी के मामले में **सीपीआई** ने सबसे कम **रु 24.87 करोड़** उसके बाद **एनसीपी** ने **रु 31.05 करोड़** की राशि घोषित की है |


| Status of Capital/reserve funds of National Parties - FY 2018-19 (Rs in crores) | |
|---|---|
| **National Party** | **Capital/Reserve Fund** |
| BJP | 2866.717 |
| INC | 850.426 |
| BSP | 735.77 |
| CPM | 507.33 |
| AITC | 199.606 |
| NCP | 31.05 |
| **CPI** | 24.87 |
| **Total** | **Rs 5215.77 cr** |




- शीर्ष के **10** क्षेत्रीय दलों ने **रु 1861.03 करोड़** की कुल पूँजी घोषित की है जबकि शेष **31 दलों** का कुल पूँजी **रु 82.945 करोड़** था |
- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, **समाजवादी पार्टी** ने **रु 571.70 करोड़** का सबसे अधिक पूँजी घोषित की है इसके बाद **बीजेडी** ने **रु 223.85 करोड़** और **एआईडीएमके** ने **रु 206.708 करोड़** की राशि दर्शायी है |

| Status of Capital/reserve funds of Regional Parties - FY 2018-19 (Rs in crores) | |
|---|---|
| **Regional Party** | **Capital/Reserve Fund** |
| **SP** | 571.70 |
| **BJD** | 223.85 |
| **AIADMK** | 206.708 |
| **TRS** | 187.77 |
| **DMK** | 182.33 |
| **TDP** | 175.17 |
| **Shivsena** | 172.863 |
| **YSR-C** | 88.407 |
| JDU | 32.23 |
| **JDS** | 20.00 |

| Status of Capital/reserve funds of Regional Parties - FY 2018-19 (Rs in crores) | |
|---|---|
| **Regional Party** | **Capital/Reserve Fund** |
| **31 Other Parties** | 82.945 |
| **Total** | **Rs 1943.973 cr** |




# एडीआर के अवलोकन और सिफारिशें

## अवलोकन

1. आईसीएआई के दिशानिर्देशों के मुताबिक, दलों ने जो ऋण वित्तीय संस्थाओं और बैंकों/एजेंसीयों से लिया है उसका जानकारी आयकर विवरण में देना होता है | इन दिशानिर्देशों में यह भी वर्णित किया है की जो ऋण दलों ने लिया/दिया है, उनके वापसी/भुगतान की समय-सीमा की जानकारी भी देना होता है (जैसे वापसी एक साल के अंतर्गत, एक से पांच साल के बीच या पांच साल के बाद)- **राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने यह जानकारी घोषित नहीं किया है** |
2. दलों को दान के रूप में प्राप्त अचल संपत्ति का मूल लागत, अतिरिक्त या कटौती, निर्माण की लागत आदि का विवरण देना होता है | दलों से खरीदी गयी अचल सम्पति का भी विवरण देना चाहिए - **यह जानकारी सभी राजनीतिक दलों ने नहीं दी है** |
3. दलों द्वारा कुल ऋण का 10% या उससे अधिक नकद या अन्य प्रकार से दिया गया ऋण का ब्यौरा घोषित करना होता है और साथ ही साथ दी गयी राशि का वजह भी देना होता है – **सभी राजनीतिक दलों ने ये जानकारी घोषित नहीं की है** |
4. दलों के आय, व्यय और सम्पति में पारदर्शिता लाने के लिए चुनाव आयोग ने आईसीएआई को दिशानिर्देश तैयार करने की अनुरोध किया, लेकिन यह दिशानिर्देश कागज़ों तक ही सिमित रह गए | दलों ने अपने आयकर विवरण में इन दिशानिर्देशों को लागू नहीं किया है |
    - दानदाताओं के पूरा विवरण और उनके क्षेत्रवार वर्गीकरण (जैसे व्यक्तियों, कंपनियों, संस्थानों /अन्य) का प्रकटीकरण - **दलों द्वारा घोषित दान रिपोर्ट में वर्गीकरण नहीं किया गया है** |
    - कूपन का वर्गीकरण की जानकारी भी अलग अनुबंध के रूप में दलों को जमा करना चाहिए - **दलों द्वारा घोषित दान रिपोर्ट में वर्गीकरण नहीं किया गया है** |

- लेखांकन की क्रमिक विधि द्वारा आय/व्यय की गणना और लेखांकन की नगद प्रवाह विधि नहीं है जहाँ पूर्व विधि पारदर्शिता में अधिक गुजांइश प्रदान करती है |
- अवमूल्यन और मूलयह्रास का वार्षिक सम्पत्ति के मूल्यांकन में पूर्ण रूप से स्पष्ट होना चाहिए |

## सिफारिशें

1. हर तीन साल में ऑडिटर का बदलाव :

   - अगस्त 29TH , 2013 में **Companies Act, 2013** में संशोधन लाया गया कि सब कंपनियों को हर पांच साल में अपने ऑडिटर बदलना अनिवार्य हैं | लेकिन यह नियम दलों पर लागू नहीं है | इसके कारण, जब एक ही फर्म/ऑडिटर दलों का ऑडिट कई सालों से करते हैं तो दलों के वित्तपोषण को अपारदर्शी करने में आसानी होती है |
   - हमारे देश में क़ानूनी तौर पर विदेशी ऑडिटिंग फर्म को भारत में संचालित करने की अनुमति नहीं है मगर भारतीय फर्म उनके साथ जुड़कर काम कर सकते हैं | ऐसे साथ काम करने वाले भारतीय फर्मों को दलों का ऑडिटिंग नहीं करना चाहिए क्यूंकि ऐसा करने से विदेशी फर्म को भारतीय दलों की अंदरूनी एकाउंटिंग की जानकारी मिल सकती है |
   - राजनीतिक दलों के खातों को बनाये रखने के लिए, 255 वें कानून आयोग की रिपोर्ट ने यह सिफारिश की है कि **CAG** के पैनल से योग्य और अनुभवी चार्टेड अकाउंटेंट ही नियुक्त करें | वर्तमान में राजनीतिक दल स्वयं ही ऑडिटर का चयन करते हैं इसलिए इसे बदलने कि जरुरत है |

2. राजनीतिक दलों के आय और व्यय विवरण का मूल्यांकन शायद ही कभी किया जाता है| प्रस्तुत खातों कि प्रमाणिकता संदेहास्पद है | जब भी प्रमाणिकता सत्यापित नहीं होती हैं तो, जो भी ऑडिटर ने विवरण तैयार किया है उसे दंडित करना चाहिए | आईटीआर को आनलाइन जमा करने के साथ साथ दलों कि आय, व्यय, सम्पति और देनदारियों का विवरण भी उपलब्ध कराना चाहिए | इस प्रकार, आईटी विभाग में राजनीतिक दलों कि वित्तीय संबंधी जानकारी पयार्प्त रूप से उपलब्ध होगी | राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की वार्षिक जाँच होनी चाहिए |
3. 170 वें कानून आयोग रिपोर्ट ने आर पी अधिनियम में धारा 78ए की प्रस्तावना कि सिफारिश की है जिसके दौरान समय पर खातों को न जमा करने वाले दोषी राजनीतिक दलों पर करवाई की जाएगी | इसे लागू करने की जरुरत है |
4. आयकर अधिनियम की धारा **276 सी सी**, उन व्यक्तियों को दण्डित करती है जो अपना आयकर विवरण जमा करने में विफल रहते हैं | इसी तरह के कानूनी प्रावधान राजनीतिक दलों पर भी लागू होने चाहिए | कॉमन कॉज बनाम भारतीय संघ और संगठन के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था की जब राजनीतिक दल अपना आयकर विवरण दाखिल करने में चूक करती हैं तो वे आयकर अधिनियम के प्रावधानों का उलंघन करती हैं | वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए, चुनाव आयोग की वेबसाइट पर **जेकेएनसी** और **एनपीपी** जैसे प्रमुख क्षेत्रियों दलों के ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध नहीं हैं | राष्ट्रीय दलों के मामले में, **एनसीपी**, **बीजेपी**, **कांग्रेस** और **सीपीआई** जैसे चार दलों ने अपने ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने में **5 दिन** से **42 दिनों** की देरी की थी |

# अस्वीकरण

रिपोर्ट में इस्तेमाल सभी जानकारी चुनाव आयोग के वेबसाइट में राजनीतिक दलों के पेज से लिया गया है https://eci.gov.in/candidate-political-parties/annual-audit-reports/annual-audit-reports/

रिपोर्ट बनाते समय शूचिता का पूरा धयान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए ऑडिट रिपोर्ट को ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे |

# सम्पर्क विवरण



| | | | |
|---|---|---|---|
| **Media and Journalist Helpline:**<br>+91 80103 94248,<br>Email:<br>adr@adrindia.org | **Maj. Gen Anil Verma (Retd.)**<br>Head - NEW/ADR<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | **Prof Jagdeep Chhokar**<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member-NEW/ADR<br>+91 99996 20944<br>jchhokar@gmail.com | **Prof Trilochan Sastry**<br>IIM Bangalore<br>Founder Member- NEW/ADR<br>+91 94483 53285<br>tsastry@gamil.com |

# अनुबंध-1

| Regional Parties : Declared Assets for FY 2018-19 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Political Party | Details of Various Assets (Rs in crores) | | | | | | |
| | Others Assets | FDR/Fixed Deposits | Fixed Assets | Loans and Advance | TDS & TCS | Investments | Total Assets |
| SP | 27.827 | 454.447 | 71.163 | 11.266 | 7.508 | 0 | **Rs 572.21 cr** |
| BJD | 73.464 | 140.15 | 0.528 | 18.03 | 0.099 | 0 | **Rs 232.27 cr** |
| AIADMK | 5.978 | 185.901 | 11.586 | 3.177 | 0.11 | 0 | **Rs 206.75 cr** |
| TDP | 31.697 | 115.86 | 27.193 | 18.52 | 0 | 0 | **Rs 193.27 cr** |
| DMK | 2.702 | 169.185 | 17.506 | 0.987 | 0 | 0 | **Rs 190.38 cr** |
| TRS | 28.20 | 152.64 | 5.186 | 2.367 | 0.337 | 0 | **Rs 188.73 cr** |
| Shivsena | 116.668 | 44.461 | 2.685 | 7.908 | 1.358 | 0 | **Rs 173.08 cr** |
| YSR-C | **79.266** | 0 | 0.132 | 14.094 | 0 | 0 | **Rs 93.492 cr** |
| JDS | 0.137 | 16.84 | 7.022 | 14.01 | 0.001 | 0 | **Rs 38.01 cr** |
| JDU | 0.79 | 28.639 | 2.236 | 1.07 | 0.075 | 0 | **Rs 32.81 cr** |
| RLD | 6.645 | 0 | 6.36 | 0.329 | 0.03 | 6.436 | **Rs 19.80 cr** |
| SDF | 2.867 | 0 | 7.438 | 0.065 | 0 | 0 | **Rs 10.37 cr** |
| AAP | 5.496 | 2.462 | 1.313 | 0.839 | 0 | 0 | **Rs 10.11 cr** |
| MNS | 3.9945 | 4.6058 | 0.345 | 0.52 | 0.0437 | 0 | **Rs 9.509 cr** |
| NDPP | 1.614 | 0 | 6.44 | 0 | 0.008 | 0 | **Rs 8.06 cr** |
| PMK | 4.526 | 0.0006 | 1.668 | 0.413 | 0 | 0 | **Rs 6.608 cr** |
| IUML | 3.545 | 0.484 | 0.998 | 0.34 | 0.063 | 0 | **Rs 5.43 cr** |
| AIFB | 0.888 | 0.905 | 2.56 | 0.21 | 0.027 | 0 | **Rs 4.59 cr** |
| INLD | 1.067 | 1.50 | 1.516 | 0.207 | 0.11 | 0 | **Rs 4.40 cr** |
| RJD | 0.0456 | 0.67 | 1.728 | 1.161 | 0.0055 | 0 | **Rs 3.61 cr** |
| JMM | 1.52 | 0.224 | 0.40 | 0.508 | 0 | 0.29 | **Rs 2.94 cr** |
| LJP | 0.115 | 0 | 2.45 | 0 | 0.012 | 0 | **Rs 2.577 cr** |
| GFP | 0.804 | 0 | 0.0052 | 1.21 | 0 | 0 | **Rs 2.019 cr** |
| NPF | 0.0044 | 0 | 1.975 | 0 | 0 | 0 | **Rs 1.98 cr** |
| SAD | 0.0861 | 0.0606 | 1.642 | 0 | 0.0567 | 0 | **Rs 1.845 cr** |
| BPF | 1.343 | 0.00 | 0.134 | 0 | 0 | 0 | **Rs 1.477 cr** |
| DMDK | 0.608 | 0.00 | 0.076 | 0.49 | 0.164 | 0 | **Rs 1.338 cr** |
| JVM-P | 1.058 | 0 | 0.248 | 0 | 0 | 0 | **Rs 1.306 cr** |
| AJSU | 0.678 | 0 | 0.092 | 0.50 | 0 | 0 | **Rs 1.27 cr** |
| RLSP | 1.159 | 0 | 0.064 | 0 | 0 | 0 | **Rs 1.223 cr** |
| JKPDP | 0.38 | 0.00 | 0.137 | 0.365 | 0 | 0 | **Rs 0.882 cr** |
| AGP | 0.0076 | 0.0198 | 0.0379 | 0.4714 | 0.0001 | 0 | **Rs 0.537 cr** |
| MGP | 0.099 | 0 | 0.364 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0.463 cr** |
| AIUDF | 0.135 | 0.00 | 0.066 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0.201 cr** |
| JKNPP | 0.10 | 0.00 | 0.0087 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0.104 cr** |
| ZNP | 0.006 | 0 | 0.009 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0.015 cr** |
| AINRC | 0.0028 | 0.00 | 0.0041 | 0.005 | 0 | 0 | **Rs 0.012 cr** |
| MNF | 0.009 | 0 | 0.0021 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0.011 cr** |
| SKM | 0.0084 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0.0084 cr** |

| Regional Parties : Declared Assets for FY 2018-19 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Political Party | Details of Various Assets (Rs in crores) | | | | | | |
| | Others Assets | FDR/Fixed Deposits | Fixed Assets | Loans and Advance | TDS & TCS | Investments | Total Assets |
| PDA | 0.00158 | 0 | 0.0052 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0.0068 cr** |
| MPC | 0.0013 | 0 | 0.0016 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0.0029 cr** |
| **Total** | **Rs 405.538 cr** | **Rs 1319.054 cr** | **Rs 183.324 cr** | **Rs 99.06 cr** | **Rs 10.008 cr** | **Rs 6.726 cr** | **Rs 2023.71 cr** |

# अनुबंध-2

| Regional Parties: Declared Liabilities for FY 2018-19 | | | |
|---|---|---|---|
| Political Party | Liabilities (Rs in crores) | | |
| | Borrowings (Banks, Overdraft and sundry Creditors*) | Other Liabilities | Total Liabilities |
| TDP | 17.94 | 0.16 | **Rs 18.10 cr** |
| JDS | 18.00 | 0.01 | **Rs 18.01 cr** |
| BJD | 0 | 8.42 | **Rs 8.42 cr** |
| DMK | 0 | 8.05 | **Rs 8.05 cr** |
| YSR-C | 3.523 | 1.561 | **Rs 5.084 cr** |
| SAD | 4.103 | 0.068 | **Rs 4.17 cr** |
| RJD | 0.06 | 3.55 | **Rs 3.61 cr** |
| IUML | 0 | 2.905 | **Rs 2.905 cr** |
| AAP | 1.424 | 0.38 | **Rs 1.804 cr** |
| DMDK | 0 | 1.338 | **Rs 1.338 cr** |
| LJP | 0 | 1.337 | **Rs 1.337 cr** |
| RLSP | 0.0026 | 1.2204 | **Rs 1.223 cr** |
| TRS | 0 | 0.96 | **Rs 0.96 cr** |
| NDPP | 0.72 | 0.01 | **Rs 0.73 cr** |
| RLD | 0.63 | 0.03 | **Rs 0.66 cr** |
| JDU | 0 | 0.58 | **Rs 0.58 cr** |
| JMM | 0 | 0.57 | **Rs 0.57 cr** |
| JKPDP | 0.0025 | 0.563 | **Rs 0.566 cr** |
| SP | 0 | 0.51 | **Rs 0.51 cr** |
| AJSU | 0.33 | 0.01 | **Rs 0.34 cr** |
| Shivsena | 0 | 0.217 | **Rs 0.217 cr** |
| INLD | 0.17 | 0.01 | **Rs 0.18 cr** |
| JKNPP | 0.109 | 0 | **Rs 0.109 cr** |
| SDF | 0.049 | 0.032 | **Rs 0.081 cr** |
| PMK | 0.062 | 0 | **Rs 0.062 cr** |
| AIADMK | 0.044 | 0 | **Rs 0.044 cr** |
| JVM-P | 0 | 0.017 | **Rs 0.017 cr** |
| GFP | 0 | 0.016 | **Rs 0.016 cr** |
| AIUDF | 0 | 0.015 | **Rs 0.015 cr** |

| Regional Parties: Declared Liabilities for FY 2018-19 | | | |
|---|---|---|---|
| Political Party | Liabilities (Rs in crores) | | |
| | Borrowings (Banks, Overdraft and sundry Creditors*) | Other Liabilities | Total Liabilities |
| BPF | 0 | 0.014 | **Rs 0.014 cr** |
| AINRC | 0.012 | 0 | **Rs 0.012 cr** |
| MGP | 0 | 0.007 | **Rs 0.007 cr** |
| AGP | 0 | 0.0046 | **Rs 0.005 cr** |
| MNS | 0 | 0.002 | **Rs 0.002 cr** |
| NPF | 0 | 0.002 | **Rs 0.002 cr** |
| AIFB | 0 | 0 | **Rs 0** |
| ZNP | 0 | 0 | **Rs 0** |
| MNF | 0 | 0 | **Rs 0** |
| SKM | 0 | 0 | **Rs 0** |
| PDA | 0 | 0 | **Rs 0** |
| MPC | 0 | 0 | **Rs 0** |
| **Total** | **Rs 47.181 cr** | **Rs 32.57 cr** | **Rs 79.751 cr** |